**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 14.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज होगी शुरू ।**
2. **सावन की पहली सोमवारी पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को दी शुभकामनाए, राज्य भर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त ।**
3. **महिला सुरक्षा को लेकर झारखंड पुलिस गंभीर, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा – उनके ईमेल आईडी पर पीड़ित सीधे कर सकती हैं शिकायत।**
4. **कोडरमा में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार वाहन लूट का खुलासा, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक की तलाश।**
5. **और 15वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप, झारखंड और ओडिशा के बीच आज दोपहर बाद होगा फाइनल मुकाबला ।**

*******************

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वापसी यात्रा भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी और मिशन के सदस्य कल लगभग तीन बजे धरती पर पंहुच जायेंगे।

*******************

आज श्रावण महीने का पहला सोमवार है । देवघर के बाबाधाम, रांची के पहाड़ी मंदिर समेत तमाम शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए उमड़ रहे हैं। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि प्रात कालीन पूजा के बाद आम भक्तों की कतार चलनी शुरू हो गयी। दो लाख से अधिक भक्त देवघर पहुंच गए हैं सुरक्षा बल क्यू को सुगम तरीके से आगे बढ़ाने में लगे हैं। जिला प्रशासन अधिक से अधिक भक्तों को पूजा कराने के लिए कतार को तेजी से आगे बढ़ाने में है बाह्य अरघा में श्रद्धालु आसानी से जलार्पण कर सकें। इसके लिए अलग से सुरक्षा बलों के साथ साथ दंडाधिकारी को लगाया गया है। मेला क्षेत्र और खासकर रूटलाइन में देर रात से ही 25 क्यूआरटी लगी है। इधर पाकुड़ जिले में शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ रही है । श्रद्धालु भोलेबाबा की भक्ति में लीन हैं__इधर बोकारो और लोहरदगा जिले के शिवालयों में भी अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

*******************

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ का दरबार बोलबम के जयघोष से गुंजायमान है। भोर तीन बजे मंदिर का पट खुला। पहले सरकारी पूजा हुई। उसके बाद अरघा के माध्यम से भक्त जलार्पण कर रहे हैं। बाबा बासुकिनाथ मंदिर में जलार्पण का सिलसिला रात ग्यारह बजे तक जारी रहेगा। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने बताया कि इस बार मेला क्षेत्र में कई नई व्यवस्था की गई है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी देशवासियों को पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवार की शुभकामनाएं दी है । सोशल मीडिया पोस्ट में राज्यपाल ने लिखा है कि देवाधिदेव महादेव अपनी कृपा दृष्टि सभी पर बनाएं रखें।

*******************

देवघर में श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा के मद्देनज़र दो विशेष खाद्य सुरक्षा उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो मेला क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। जांच के दौरान कुल 80 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए । इस दौरान मिलावटी पदार्थों को तत्काल नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों को चेतावनी देते हुए

साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने और प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है।

********************

कोडरमा जिले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार वाहन के लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लूटे गए वाहन को रामगढ़ से बरामद किया। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि एक अपराधी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

********************

झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर झारखंड पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। डायल 112, डायल 100 पर किसी भी तरह की शिकायत की जा सकती है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने महिला सुरक्षा को लेकर सभी पुलिस अधीक्षकों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि बच्चियां और महिलाएं उन्हें सीधे तौर पर उनके ईमेल आईडी शिकायत कर सकती है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि उनके ईमेल आईडी डीजीपी एट इ रेट जेएच पुलिस डॉट गॉव डॉट इन पर शिकायत कर सकते हैं।

********************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने के लिए पलाश परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता ।

********************

नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा है कि भारत का एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस यानि यूपीआई आज दुनिया का सबसे बड़ा रीयल–टाइम डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गया है। यूपीआई के जरिए प्रतिदिन 65 करोड़ लेनदेन किया जा रहा है। इसे अभूतपूर्व बताते हुए श्री कांत ने कहा कि यह मोदी सरकार की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 92 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 17 हजार रूपये है।

********************

अमेरिकी व्यापार नीति की अनिश्चितता और मिले–जुले वैश्विक संकेतों के चलते आज सुबह भारतीय बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ खुले। क्षेत्रीय सूचकांकों में, ऑटो, पीएसयू बैंक, धातु, रियल्टी और ऊर्जा हरे निशान में रहे, जबकि आईटी, वित्तीय सेवाएँ, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया और इन्फ्रास्ट्रक्चर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।

********************

मौसम विभाग ने झारखंड के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश को लेकर चेतावनी दी है। इसमें पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और कोडरमा शामिल हैं । मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।

********************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में 15वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में आज झारखंड और ओडिशा के बीच फाइनल मुकाबला होगा । तीसरे स्थान के लिए हरियाणा और मिजोरम की टीमें आमने–सामने होंगी ।

********************

- सरायकेला जिले के खरसावां–आमदा मार्ग के बोड्डा क्षेत्र में सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के मानगो थाना क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी से आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है।
- झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर के बिरसा मुंडा टाउन हॉल में किया गया। इसमें विभिन्न फेडरेशन और ट्रेड यूनियन के अधिकारी शामिल हुए।

*******समाप्त*************